## वार्षिक प्रतिवेदन
## (अकादमिक सत्र: 2017-18)

राजकीय महाविद्यालय करसोग के 24 वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि आदरणीय श्री हीरा लाल जी, माननीय विधायक, हिमाचल प्रदेश सरकार, का इस समारोह में स्वागत है।

स्वागत है समस्त गणमान्य अतिथिगण, अभिभावक-अध्यापक संघ के पदाधिकारी, सदस्य, प्राध्यापकवृन्द, कर्मचारी वर्ग, एवं प्रिय विद्यार्थियों का। आज महाविद्यालय परिसर में प्रदेश के अनुभवी, कर्मठ व् प्रतिभावान नेता श्री श्री हीरा लाल जी के आगमन पर हम गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं। मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से श्री हीरा लाल जी का हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ।

मान्यवर, पारितोषिक वितरण समरोह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है जिसमें होनहार छात्रों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करके सम्मान्नित किया जाता है।

मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत करने की अनुमति चाहती हूँ I

### महाविद्यालय: ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

अपने स्थापना वर्ष 1994 से लेकर महाविद्यालय ने निरंतर उन्नति की है । करसोग महाविद्यालय की उपलब्धियां इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज़ हैं। महाविद्यालय की स्थापना के समय छात्रों की संख्या 187 थी जो वर्तमान में 1926 हो गयी है। विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। महाविद्यालय ने न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की है अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भी प्रयास किया है I वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान व् वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर तक शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी और राजनैतिक शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर की कक्षाएं भी चल रही हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र (IGNOU) के अंतर्गत विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में इस क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। महाविद्यालय में आधुनिक समय की मांग को समझते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्यौगिक विभाग द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

### CHOICE BASED CREDIT SYSTEM (CBCS)

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वर्ष 2013-14 से स्नातक स्तर पर CBCS एवं सत्र प्रणाली लागू की है। वर्तमान में महाविद्यालय में Choice Based Credit System (CBCS) एवं सत्र प्रणाली के तहत तीनों संकायों के 18 विषयों में

स्नातक स्तर तथा अंग्रेजी, हिंदी और राजनैतिक शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस बार से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वार्षिक प्रणाली को लागू किया है।

## कार्यग्रहण, नियुक्तियां, स्थानांतरण एवं रिक्तियां

स्थानांतरण एवं कार्यग्रहण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत कुछ लोग महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित होते हैं तथा कुछ स्थानांतरित होकर चले जाते हैं।

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए:

| क्र० सं० | कर्मचारी का नाम | पद | जहाँ से स्थानांतरित होकर आए |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. दीपा शर्मा | प्राचार्या | राजकीय महाविद्यालय, धामी |
| 2 | डॉ. कमल कान्त | प्राचार्य | सेवानिवृत |
| 3 | डॉ. वेदप्रकाश | सहायक आचार्य (वनस्पति विज्ञान) | राजकीय महाविद्यालय, मंडी |
| 4 | श्री सुभाष गुप्ता | अधीक्षक | शिक्षा निदेशालय, शिमला |
| 5 | श्री बृज भूषण चौहान | अधीक्षक | राजकीय महाविद्यालय, करसोग |
| 6 | श्रीचिमतराम | सेवादार | रा. व. मा. विद्यालय, खान्योल बगड़ा |

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय से जिन सदस्यों का स्थानांतरण हुआ:

| क्र० सं० | कर्मचारी का नाम | पद | जहाँ स्थानांतरित हुए |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ प्रियदर्शनी | सहायक आचार्य (अंग्रेजी विज्ञान) | राजकीय महाविद्यालय, रिवालसर |
| 2 | डॉ राजेंदर प्रकाश | सहायक आचार्य (वनस्पति विज्ञान) | राजकीय महाविद्यालय, सोलन |
| 3 | किरण कुमारी | सहायक आचार्य (जीव विज्ञान) | राजकीय महाविद्यालय, ऊना |
| 4 | डॉ. जनेश कपूर | पदोन्नति | राजकीय महाविद्यालय, हरिपुरधार |
| 5 | श्री युवराज | सेवादार | रा. व. मा. विद्यालय, मैंडी |
| 7 | श्रीदयाराम | सेवादार | रा. व. मा. विद्यालय, कुत्वाची |

महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के कुल 36 पदों में से 17 पद कला संकाय, 10 पद विज्ञान व् 4 पद वाणिज्य विभाग के स्वीकृत हैं। कला संकाय में 18 पदों में से 12 पद भरे गये हैं, शेष 6 पद रिक्त हैं I विज्ञान संकाय में 10 पदों में से 4 पद भरे गये हैं, शेष 6 पद रिक्त हैं। वाणिज्य संकाय में 3 पदों में से एक पद रिक्त हैं I गैर शिक्षक 23 पदों में 19 पद भरे गये हैं,शेष 4 पद रिक्त हैंI रिक्त पदों में वरिष्ठ और कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक का 1-1 पद, तबला वादक का 1 पद व् पुस्तकालयाध्यक्ष का 1 पद शामिल हैं ।

## केंद्रीय छात्र संघ

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार 2017 में केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों को अकादमिक वरीयता के आधार पर मनोनित किया गया व उन्हें विधिवत शपथ दिलाई गयी । 2017-18 के केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारी निम्न हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | हीना, (कला संकाय) | प्रधान |
| 2 | निशा देवी, (कला संकाय) | उप-प्रधान |
| 3 | गायत्री शर्मा, (वाणिज्य संकाय) | सचिव |
| 4 | वनीत कुमार, (कला संकाय) | सहसचिव |

## विद्यार्थियों की संख्या

वर्तमान में महाविद्यालय में 1926 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । इसमें 1082 छात्राएं तथा 844 छात्र हैं । अनुसूचित जाति में 132 छात्राएं व् 131 छात्र तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 35 छात्र व् 41 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। महाविद्यालय में गत तीन वर्षों का संकाय तथा कक्षावार विवरण निम्नलिखित है:

| कक्षा | कुल छात्र | | | कुल छात्राएं | | | कुल छात्र /छात्राएं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 |
| BA- I | 185 | 214 | 197 | 243 | 300 | 248 | 428 | 514 | 445 |
| BA- II | 150 | 147 | 171 | 193 | 238 | 281 | 343 | 385 | 452 |
| BA- III | 121 | 138 | 128 | 188 | 191 | 230 | 309 | 329 | 358 |
| BSc- I | 66 | 88 | 45 | 73 | 69 | 54 | 139 | 157 | 99 |
| BSc- II | 82 | 54 | 62 | 58 | 63 | 58 | 140 | 117 | 120 |
| BSc- III | 50 | 77 | 48 | 46 | 59 | 60 | 96 | 136 | 108 |
| BCom-I | 59 | 66 | 50 | 21 | 41 | 29 | 80 | 107 | 79 |
| BCom-II | 30 | 60 | 55 | 27 | 23 | 42 | 57 | 83 | 97 |
| BCom-III | 32 | 28 | 55 | 21 | 28 | 21 | 53 | 56 | 76 |
| MA English-I | 11 | 12 | 04 | 16 | 07 | 14 | 27 | 19 | 14 |
| MA Hindi-I | 09 | 07 | 07 | 17 | 16 | 11 | 26 | 23 | 18 |
| MA Political Science-I | - | - | 12 | - | - | 18 | -- | -- | 30 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | 12 | - | - | 18 | -- | -- | 30 |
| कुल | 795 | 891 | 844 | 903 | 1035 | 1082 | 1698 | 1926 | 1926 |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

किसी भी शिक्षण-संस्थान की गुणवत्ता वहां के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती है। महाविद्यालय का परीक्षा-परिणाम विश्वविद्यालय के परिणामों से अपेक्षाकृत बेहतर है। गत सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा है:

| Class | College % | University % | Variation % |
|---|---|---|---|
| M.A. English, Hindi and Political Science | 100% | NA | NA |
| B.A./B.Sc./B.Com. Semesters | Choice Based Credit System (CBCS) प्रणाली के तहत विद्यार्थियों ने विभिन्न सत्रों की परीक्षाओं में अच्छे ग्रेड्स प्राप्त किये हैं। | | |

## छात्रवृत्तियां

महाविद्यालय में सत्र 2017-18 में 363 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी। वितरित की जा रही छात्रवृतियों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

| क्र० सं० | छात्रवृत्ति योजना का नाम | छात्रों की संख्या | राशी (रूपए) |
|---|---|---|---|
| 1 | कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना | 85 | 12,75,000 |
| 2 | अनुसूचित जाति (SC) | 67 | 3,25,142 |
| 3 | IRDP | 41 | 49,200 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 15 | 56,560 |
| 5 | अनुसूचित जाति (ST) | 01 | 5,266 |
| 6 | डॉक्टर अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना | 169 | 6,32,874 |
| | | कुल | 23, 44, 042 |

## महाविद्यालय पत्रिका: "कामाक्षा"

महोदय, महाविद्यालय पत्रिका "कामाक्षा" का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है जो भावी लेखकों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है । इस पत्रिका में विद्यार्थियों को छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अपनी रचनात्मकता व् सृजनशीलता को पुष्ट करने का अवसर मिलता है । कामाक्षा पत्रिका महाविद्यालय के उभरते हुए लेखकों के लिए एक सार्थक मंच है जिसमें वे अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपने मन के उद्गारों को व्यक्त करते हैं ।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विविध विषयों से सम्बंधित 13,726 पुस्तकें उपलब्ध हैं । छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 30 पत्रिकाओं व् 6 अंग्रजी- हिंदी समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है ।

## अभिभावक-शिक्षक संघ

इस महाविद्यालय में अभिभावक - शिक्षक संघ का विधिवत गठन अभिभावक-शिक्षक संघ के मुख्य सरंक्षक प्राचार्य महोदय की देख-रेख में हुआ ।

इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया:

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री हरिओम गुप्ता |
| उपाध्यक्ष | श्री हृदय राम |
| सचिव | डॉ. गुलशन महाजन |
| सह सचिव | भावना शर्मा |
| कोषाध्यक्ष | श्री तारा चन्द |
| सलाहकार | श्री लक्ष्मी कांत |

अभिभावक-शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न विषयों में 6 प्राध्यापकों, तबला वादक, 2 सफाई कर्मचारियों व् 1 कंप्यूटर संचालक की सेवाएं उपलब्ध करवाई गयी तथा महाविद्यालय के सुचारू सञ्चालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया ।

## National Conference on *Ethics in Business and Economics* का आयोजन:

महाविद्यालय के वाणिज्य और अर्थशास्त्र विभाग ने ICSSR North Western Regional Centre, Chandigarh और HPCMA के संयुक्त तत्वावधान में "Ethics in Business and Economics" नामक विषय पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमे लगभग ५० शोधपत्र प्रस्तुत किये गए।

## शिक्षेत्तर गतिविधियाँ

शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे समाज में अपनी सफल भूमिका निभा सकें। शिक्षेत्तर गतिविधियाँ शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और महाविद्यालय समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने महावियालय में अनेक गतिविधियों में प्रतिभागिता सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया।

## ड्रमैटिक क्लब

प्रतिवर्ष की भांति इस सत्र में भी महाविद्यालय में सितम्बर मास में ड्रमैटिक क्लब के समन्वयक श्री कुलभूषण शर्मा द्वारा संचालित रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 35 छात्र तथा छात्राओं ने रंगमंच के गुर सीखे। इस कार्यशाला में नव रंगकर्मियों ने अभिनयकला की बारीकियों- आंगिक- वाचिक अभिनयपक्ष व् संवाद पर काम करते हुए अपने अंदर के कलाकार को जगाने का प्रयास किया। ड्रमैटिक क्लब के कलाकारों ने महाविद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में अपनी कला के माध्यम से सभी का मनोरंजन करते हुए अपना रंगकर्म निभाया।

## साहित्य परिषद्

साहित्य परिषद के अंतर्गत हिंदी विभाग के द्वारा 14 सितंबर, 2017 को हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता, काव्य-पाठ व् प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस अवसर पर प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करसोग बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। भाषा कला एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की दो छात्राओं मनीषा और जितेन्द्रा ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई द्वारा 21 जून 2017 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के लगभग 160 छात्र- छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया।

**जे० सी० बोस साइंस सोसाइटी**

महाविद्यालय की जे० सी० बोस साइंस सोसाइटी द्वारा "Science and Society in 21st Century" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गयी और उन्हें थैलेसीमिया के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गयी।।।

**वाणिज्य परिषद**

04 अगस्त, 2017 को Career Counceling कार्यक्रम में वाणिज्य परिषद् ने करियर सम्बन्धी जानकारी देते हुए विद्यार्थयों को वाणिज्य के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से अवगत करवाया । GST विषय पर 25 सितम्बर, 2017 को एक कार्यक्रम में चर्चा की गयी। महाविद्यालय के मंच निर्माण में भी वाणिज्य विभाग के छात्र छात्राओं ने अपना सहयोग दिया।

**WOMEN CELL**

महाविद्यालय के Women Cell द्वारा 22 दिसंबर, 2017 को राज्य महिला आयोग, हिमाचल प्रदेश, शिमला के सौजन्य से Personal Hygiene थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य मुख्यातिथि थे। महिला सशक्तिकरण पर सम्भाषण एवम निबंध-लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गयी और विद्यार्थियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। Women Cell ने 8 मार्च, 2018 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया।

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह में हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने I, II, III और IV में भाग लिया।

**एन० सी० सी० (NCC)**

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। ANO डॉ० यमुना शर्मा के नेतृत्व में हमारे महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई ने निम्नलिखित गतिविधियों में भाग लिया:

1. हमारे महाविद्यालय के 12 छात्रों ने NCC "C" तथा 23 कैडेट्स ने NCC "BEE" सर्टिफिकेट के लिए आयोजित परीक्षा में भाग लिया।
2. महाविद्यालय के 1 कैडेट ने अगस्त, 2017 में 6 HP(Independent) Company, NCC Una द्वारा आयोजित Thal Sena Selection Camp में भाग लिया।
3. महाविद्यालय के 6 कैडेट्स ने 5-14 सितम्बर 2017 तक 9 डोगरा रेजिमेंट सोलन द्वारा आयोजित Army Attachment Camp में भाग लिया और 4 कैडेट्स ने 7 HP (Independent) Company NCC, Shimla द्वारा आयोजित Army Attachment Camp, जतोग, शिमला में भाग लिया।
4. महाविद्यालय के 8 कैडेट्स ने अक्टूबर, 2017 में 2HP Battalian NCC Mandi द्वारा शाह तलाई में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में चुनाव के लिए आयोजित कैंप में भाग लिया।

इसके अतिरिक्त हमारे कैडेट्स ने प्रत्येक गतिविधि, जागरूकता रैली, पौधारोपण तथा स्वतन्त्रता दिवस परेड में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**

महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, जागरूकता व् पौधारोपण में सक्रिय भाग लिया। इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. *एन. एस. एस. स्टेट मेगा कैंप (NSS State Mega Camp):* महाविद्यालय के एन. एस. एस. इकाई के मधुकर, प्रभा, स्मृति, मनीषा और बॉबी शर्मा ने जनरल जोनावर सिंह महाविद्यालय, धनेटा में आयोजित स्टेट एन. एस. एस. मेगा कैंप में 26 सितंबर, 2017 से 30 सितंबर, 2017 तक भाग लिया। मधुकर और मनीषा को Best in Debate, Best Sportsperson, प्रभा और स्मृति को सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए Best Volunteers चुना गया।

2. *सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर:* महाविद्यालय प्राचार्य की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारम्भ हुआ। महाविद्यालय परिसर में 05 फरवरी, 2018 से 11 फरवरी, 2018 तक कार्यक्रम प्रभारी श्री कुलभूषण शर्मा के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 55 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण को विस्तृत किया तथा क्यारियां बनायीं व् स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया। शिविर के दौरान महाविद्यालय

प्रांगण के सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया और समाज में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित करते हुए लोगों को स्वच्छता अभियान के तहत उन्हें जागरूक किया और ममलेश्वर महादेव मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर ममेल तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय करसोग, पुराना बाज़ार करसोग में श्रमदान किया। शिविर में सांध्यकालीन सत्र में स्वयंसेवियों के लिए व्यक्तित्व संवर्धन हेतु कार्यक्रम रखे गए जिसमें डॉ० जनेश कपूर (अंग्रेजी विभाग) ने विद्यार्थयों को समाज के प्रति सजग रहते हुए उन्हें सामाजिक कार्य के लिए प्रेरित किया। इसके अंतर्गत स्वयंसेवियों को स्थानीय उपमंडलाधिकारी, श्री अपूर्व देवगन और डॉ. राखी सिंह, (खंड विकास अधिकारी) ने जानकारी दी

3. *राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस:* स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का भी सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेवियों ने काव्य-पाठ के माध्यम से देश की समसामयिक समस्याओं को उजागर किया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नृत्यनाटिकायों के माध्यम से अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने व् सौहार्दपूर्ण जीवनयापन का सन्देश दिया।

4. *राष्ट्रीय एकता शिविर (NIC):* महाविद्यालय के चार छात्र - छात्राओं सौरभ ठाकुर, श्वेता, मनीषा और स्मृति ने राष्ट्रीय एकता शिविर में राजकीय महाविद्यालय सीमा में अक्टूबर में भाग लिया।

इसके अतिरिक्त हमारे स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न आयोजनों तथा अन्य दिवसों में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित की।

**रोवर्ज एण्ड रेंजर्स (R&R)**

महाविद्यालय में ये इकाई श्री पंकज गुप्ता व् श्रीमती निधि कपूर के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। इस सत्र में रोवर्ज एण्ड रेंजर्स की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. रोवर्ज एण्ड रेंजर्स ने 1 अगस्त, 2017 को World Scarf Day मनाया।

2. 15 रोवर्ज़ ने करसोग में 15 अगस्त, 2017 को परेड में भाग लिया।

3. रोवर्ज लायक राम और अनिल ने जून 22, 2017 से जून 26, 2017 तक पुरि में आयोजित रथ यात्रा में भाग लिया।

4. रोवर्ज एण्ड रेंजर्स ने महाविद्यालय में 16-31 अगस्त, 2017 स्वच्छता और श्रमदान के 23 घंटे की कार्य-अवधि पूर्ण की।

5. 5 रोवर्ज एण्ड 5 रेंजर्स ने नवरात्रों के दौरान सनारली माता मंदिर में सेवा प्रदान की।

6. महाविद्यालय के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि हमारे 5 रोवर (लायक राम, अनिल, गिरिराज और विक्रांत) तथा 3 रेंजर्स (पूनम, सुनीता और सरोज) ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया। इसके अतिरिक्त हमारे रोवर एवं रेंजर्स ने विभिन्न आयोजनों तथा अन्य दिवसों में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की।

## खेलकूद गतिविधियाँ

अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों का भी विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इस सत्र में महाविद्यालय द्वारा खेल कूद प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त की गई:

1. इस सत्र में महाविद्यालय ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बॉक्सिंग, कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स में भाग लिया।

2. हमारे महाविद्यालय की खो-खो टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। 09 सितम्बर, 2017 को राजकीय महाविद्यालय नेरवा में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर् - महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में हमारे महाविद्यालय की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय के दो छात्रों विजय और हमीर सिंह का चयन अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता, देश भक्ति विश्वविद्यालय गोविंदगढ़ (पंजाब) के लिए हुआ।

3. महाविद्यालय के छात्र चुनी लाल का चयन अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता (कब्बडी) में MD University, Rohtak के लिए हुआ।

3. इसी सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर् - महाविद्यालय बॉक्सिंग में हमारे महाविद्यालय के कवि राज ने कांस्य पदक, आँचल ने रजत और भीष्मा ने कांस्य पदक जीते ।

4. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर् - महाविद्यालय Athletics में छयाल सिंह और खेमलता ने ने कांस्य पदक जीते ।

## शिक्षक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां:

इस सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषयों में विभिन्न स्थानों पर शोधपत्र प्रस्तुत किये ।

1. श्री सुदामा राम (सह आचार्य भूगोल विभाग) ने राजकीय महाविद्यालय कुल्लू और राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया ।
2. डॉ. गुलशन महाजन (सहायक आचार्य, भौतिक विभाग) ने पुणे और शिल्लोंग में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये।
3. डॉ. यमुना शर्मा (सहायक आचार्य शारीरिक शिक्षा ) ने नैनीताल विश्वविद्यालय से पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया
4. श्रीमती रुचि नारंग (सहायक आचार्य, गणित विभाग) ने अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लिया
5. श्री कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग) ने JNU, New Delhi में और राजकीय महाविद्यालय सीमा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व् राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये तथा दो पुस्तकों में इनके शोधपत्र छपे ।
6. श्री पुनीत ठाकुर (सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग) ने Induction Training में GCTE धर्मशाला में भाग लिया।

मान्यवर, मैं आपका ध्यान इस महाविद्यालय की मूलभूत समस्यायों की ओर लाना चाहती हूँ:

1. महाविद्यालय में समय - समय पर विभिन्न आयोजन किये जाते हैं जिसके लिए एक सभागार की समुचित व्यवस्था का होना नितांत आवश्यक है। इस सम्बन्ध में मध्य के कोर्ट यार्ड में छत लगाने के लिए लागत के अनुमान के लिए लो॰ नि॰ वि॰ को लिखा है परंतु अभी तक इस सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।
2. महाविद्यालय में रिक्त पदों के कारण बहुत समस्या आ रही है। वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी और रसायन विज्ञान में 2-2, वाणिज्य में 3 तथा राजनीतिक शास्त्र, लोक प्रशासन, इतिहास, वनस्पति

विज्ञान और में एक-एक पद रिक्त हैं जिन्हे जल्द से जल्द भरा जाना अति आवश्यक है ताकि अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चल सके l

3. CBCS एवं छात्रों की संख्या को देखते हुए सभी विषयों में कम से कम एक - एक अतिरिक्त पद सृजित करना अति आवश्यक है ताकि महाविद्यालय में पढ़ाई सुचारू ढंग से की जा सके।

4. महाविद्यालय प्राचार्य-आवास का निर्माण-कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू किया जाना अपेक्षित है जिसके लिए पहले ही लोक निर्माण विभाग के पास लंबे समय से २६ लाख रुपये की राशि जमा पड़ी है।

5. महाविद्यालय में छात्रों के लिए छात्रावास तथा कर्मचारी आवास के लिए कोई उपयुक्त स्थान का प्रावधान करके निर्माण कार्य करवाया जाना अपेक्षित है l

6. एक तीन मंजिल के नए भवन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है जिसकी कुल अनुमानित लागत 3.17 करोड़ है और प्रथम तल के लिए 70 लाख की राशि RUSA के अन्तर्गत उपलब्ध है और इसमें से 50 लाख रुपये पहले ही लोक निर्माण विभाग के पास जमा करवाये जा चुके हैं। निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। इस सम्बन्ध में अनुमानित लागत की शेष राशी 2.47 करोड़ रूपए का प्रावधान करने के लिए विभाग को 2 – 3 बार लिखा जा चुका है परंतु कोई कार्यवाही इस सम्बन्ध में अभी तक नहीं हुई है। महोदय से निवेदन है कि वे अपनी संस्तुति विभाग को दें ताकि एक नए भवन की सम्पूर्ण व्यवस्था हो सके। इस अतिरिक्त भवन की बढ़ी हुई छात्र संख्या और प्रस्तावित नए पाठ्यक्रमों के लिए अत्यंत आवश्यकता समझी जा रही है।

मान्यवर, सत्र 2017-18 का वार्षिक प्रतिवेदन विवरणिका के माध्यम से मैंने आपके समक्ष इस महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं समस्यायों की चर्चा की है l हमें पूर्ण आशा है की आप हमारी समस्यायों को व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में सम्मिलित करेंगे और हमें इस महाविद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे l

अंत में, मैं माननीय मुख्यातिथि महोदय जी का यहाँ पधारने पर एक बार पुनः धन्यवाद करती हूँ l यहाँ पधारे गणमान्य अतिथियों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद l पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई l मुझे विश्वास है कि आप सभी अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे और देश व समाज के कल्याण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे l

धन्यवाद!

जय हिन्द!